## लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 142वीं बैठक दिनांक 22 जून, 2010 का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री प्रशान्त त्रिवेदी | आयुक्त, लखनऊ मण्डल एवं अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 2. | श्री मृत्युंजय कुमार नारायण | उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 3. | श्री अनिल कुमार सागर | जिलाधिकारी, लखनऊ। |
| 4. | श्री पी0के0श्रीवास्तव<br>अपर नगर आयुक्त | प्रतिनिधि–नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ। |
| 5. | श्री एन0आर0वर्मा | मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश। |
| 6. | श्री रवि रस्तोगी<br>जनरल मैनेजर | प्रतिनिधि–मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ। |
| 7. | श्री सी0पी0 शर्मा<br>मुख्य वास्तुविद् एवं नगर नियोजक | प्रतिनिधि–आवास आयुक्त उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ। |
| 8. | श्री एल0एस0पी0सिंह<br>क्षेत्रीय पयर्टन अधिकारी | प्रतिनिधि–महानिदेशक, पयर्टन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। |
| 9. | श्री गोविन्द पाण्डेय | मा0 पार्षद एवं सदस्य, ल0वि0प्रा0। |
| 10. | श्री राम कृष्ण यादव | मा0 पार्षद एवं सदस्य, ल0वि0प्रा0। |

अन्य उपस्थिति :

| | | |
|---|---|---|
| 11. | श्रीमती संगीता सिंह | प्रभारी सचिव, ल0वि0प्रा0। |
| 12. | श्री संजीव सिन्हा | अपर सचिव, ल0वि0प्रा0। |
| 13. | श्री अवधेश कुमार | वित्त नियंत्रक, ल0वि0प्रा0। |
| 14. | श्री एस0बी0 मिश्र | संयुक्त निदेशक (भू0 / वि0), ल0वि0प्रा0। |
| 15. | श्री एस0एन0 त्रिपाठी | मुख्य अभियन्ता, ल0वि0प्रा0। |
| 16. | श्री रवि जैन | नगर नियोजक, ल0वि0प्रा0। |
| 17. | श्री जे0एन0 रेड्डी | नगर नियोजक, ल0वि0प्रा0। |

---

कार्यवाही:-

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई तथा विभिन्न एजेन्डा बिन्दुओं के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्णय लिये गये:-

विषय संख्या : 1

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 18.05.2010 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

निर्णय :

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 18.05.2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

विषय संख्या : 2

लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 18.05.2010 में लिए गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।

निर्णय :

प्राधिकरण द्वारा दिनांक 18.05.2010 की बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन का अवलोकन किया गया।

विषय संख्या : 3

हाइटेक टाउनशिप नीति के अन्तर्गत हाइटेक टाउनशिप 2700 एकड़ के कन्सेप्चुअल डी0पी0आर0 हेतु प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर शासनादेश सं0-2258/आठ-1-05-53विविध/03 दिनांक 27.04.06 द्वारा उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में गठित डी0पी0आर0 समिति की संस्तुतियों को शासनादेश सं0-2872/आठ-1-07-34विविध/03 दिनांक 17 सितम्बर, 07 के कम में विचारार्थ।

निर्णय :

शासनादेश सं0-2258/आठ-1-05-53विविध/03 दिनांक 27.04.06 के कम में उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में गठित डी0पी0आर0 समिति की दिनांक 09.04.10 की संस्तुति के कम में उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में दिनांक 22.05.2010 को बैठक हुई, जिसमें विकासकर्ता मे0 गर्व बिल्डटेक प्रा0लि0 का कन्सेप्चुअल डी0पी0आर0 स्वीकृति योग्य पाया गया। समिति की संस्तुति आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 के शासनादेश

सं0–2872/आठ–1–07–34विविध/03 दिनांक 17 सितम्बर, 07 के कम में लीडा क्षेत्र में सम्मिलित 4 ग्रामों के डी–नोटीफाइड होने तक, विकासकर्ता के उक्त 4 ग्रामों के अन्तर्गत ले–आउट की स्वीकृति व विकास अनुबन्ध सम्पादित न करने के प्रतिबन्ध के साथ विकासकर्ता का प्रस्तुत किया गया कन्सेप्चुअल डी0पी0आर0 विस्तृत रूप से विचार-विमर्श के उपरान्त प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया गया।

विषय संख्या : 4

रिवरव्यू एन्क्लेव फेज–2 में पूर्व में मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के पक्ष में अनुबन्धित भवनों की संख्या में वृद्धि के सम्बन्ध में।

निर्णय :

प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त, रिवरव्यू फेज–2 गोमती नगर के स्वीकृति भवनों की संख्या 1432 को संशोधित करते हुए मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0 के पक्ष में कुल 1908 भवनों के निर्माण कराये जाने एवं अनुबन्ध को संशोधित किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमोदित किया गया कि इन भवनों की दर व स्पेसीफिकेशन पूर्व भवनों के अनुरूप ही होगा। भविष्य में नई योजनाओं/परियोजनाओं हेतु अलग से टेण्डर आमंत्रित किये जायेंगे।

विषय संख्या : 5

भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 के लागू होने के फलस्वरूप प्राधिकरण द्वारा पूर्व में श्रेणी–"ख" व "ग" के मानचित्रकारों को भवन मानचित्र बनाने हेतु दिये गये लाइसेन्स के नवीनीकरण के सम्बन्ध में।

निर्णय :

प्रस्तुत प्रस्ताव को शासन को सन्दर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया।

विषय संख्या : 6

आर्थिक मंदी के सम्बन्ध में प्राप्त प्रत्यावेदनों के परीक्षण एवं संस्तुति हेतु गठित समिति की संस्तुतियों पर निर्णय के सन्दर्भ में।

निर्णय :

आर्थिक मंदी के सम्बन्ध में प्राप्त प्रत्यावदेनों के परीक्षण एवं संस्तुति हेतु गठित समिति की संस्तुतियों के कम में प्राप्त आवेदन पत्रों को निरस्त करते हुए नीलामी की शर्तो के अनुसार वसूली किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

Singh 22/06/10
(संगीता सिंह)
प्रभारी सचिव

22.6.10
(मृत्युंजय कुमार नारायण)
उपाध्यक्ष

<u>अनुमोदित</u>

(प्रशान्त त्रिवेदी)
आयुक्त, लखनऊ मण्डल एवं
अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।